भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **126**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024/13 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

बिहार में पीएमकेएसके केन्द्र

126. श्री दिनेश चन्द्र यादव:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार राज्य में उन स्थानों के नाम क्या है जहां प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों (पीएमकेएसके) की स्थापना की गई है और उक्त केन्द्रों द्वारा किसानों को क्या लाभ पहुंचाए जा रह रहे हैं;
(ख) सरकार द्वारा उक्त केन्द्रों को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और
(ग) उक्त केन्द्रों की स्थापना के लिए निर्धारित किये गए मानदण्डों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(भगवंत खुबा)

(क): उर्वरक विभाग(डीओएफ) ने दिनांक 24 अगस्त, 2022 की अधिसूचना के द्वारा वर्तमान गांव, ब्लॉक/उप जिले/तालुक तथा जिला स्तरीय उर्वरक खुदरा दुकानों को मॉडल उर्वरक खुदरा दुकानों नामत: प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र **(पीएमकेएसके)** के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। ये पीएमकेएसके अनेक उत्पादों जैसे कि बीज, उर्वरक, कीटनाशकों आदि के लिए किसानों की वन स्टॉप दुकान के रूप में कार्य करेंगे तथा यहां एक ही स्थान पर उर्वरक/बीज/मृदा परीक्षण, ड्रोन तथा अन्य खेती के उपकरण जैसे कृषि क्षेत्र से संबंधित अनेक सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। बिहार राज्य में 30 जनवरी, 2024 तक पीएमकेएसके का स्थान-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-क** में दिया गया है।

(ख): मौजूदा खुदरा दुकानों को पीएमकेएसके में परिवर्तित करने का कार्य उर्वरक कंपनियों द्वारा भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे 50 रुपये प्रति मीट्रिक टन के मौजूदा खुदरा मार्जिन के माध्यम से किया जा रहा है।

(ग): पीएमकेएसके में परिवर्तन/ उसका निर्माण की कार्य-रीति **अनुलग्नक-ख** पर संलग्न है।

*****

अनुलग्नक-क

बिहार राज्य में स्थापित जिला- वार पीएमकेएसके

क्र.सं.	जिले का नाम	स्थापित पीएमकेएसके की संख्या
1	अररिया	433
2	अरवल	80
3	औरंगाबाद	318
4	बांका	227
5	बेगूसराय	401
6	भागलपुर	323
7	भोजपुर	512
8	बक्सर	422
9	दरभंगा	406
10	गया	429
11	गोपालगंज	306
12	जमुई	172
13	जहानाबाद	100
14	कैमूर (भभुआ)	195
15	कटिहार	436
16	खगड़िया	461
17	किशनगंज	186
18	लखीसराय	130
19	मधेपुरा	503
20	मधुबनी	274
21	मुंगेर	109
22	मुजफ्फरपुर	474
23	नालंदा	458
24	नवादा	211
25	पश्चिम चंपारण	641
26	पटना	393
27	पूर्वी चंपारण	881
28	पूर्णिया	578
29	रोहतास	475
30	सहरसा	211
31	समस्तीपुर	661
32	सारन	557
33	शेखपुरा	76
34	शिवहर	68
35	सीतामढ़ी	432
36	सिवान	497
37	सुपौल	322
38	वैशाली	370
कुल		**13728**

 # दिनांक 30.01.2024 की स्थिति के अनुसार

अनुलग्नक-ख

पीएमकेएसके में परिवर्तन/निर्माण की कार्य-रीति

ग्राम स्तर	**ब्लॉक/उप जिला स्तर**	**जिला स्तर**
• अधिमानतः आकार- 150 वर्ग फुट • इनपुट के लिए रैक • बैठने की व्यवस्था • पीओएस मशीन • क्यूआर कोड/बार कोड स्कैनर • उत्पाद डिस्प्ले • स्टॉक की स्थिति, सब्सिडी और एमआरपी दिखाने वाले डिस्प्ले बोर्ड • फसल सूचना • लीफ़ चार्ट • मृदा उर्वरता मानचित्र • सरकारी अधिकारियों के संदेशों का प्रदर्शन	• अधिमानतः आकार- 200 वर्ग फुट **ग्राम स्तर पर सुविधाओं के अतिरिक्त, दुकानों में निम्न है-** • इंटरनेट सुविधा* के साथ स्मार्ट टीवी • सहायता डेस्क • कॉमन सर्विस सेंटर के साथ लिंकेज • बीज और कीटनाशक परीक्षण के लिए मृदा परीक्षण सुविधा और नमूना संग्रह • कृषि उपकरणों, ड्रोन आदि के लिए कस्टम हायरिंग सुविधाएं	• अधिमानतः आकार- 2000 वर्ग फुट **ब्लॉक स्तर पर सुविधाओं के अतिरिक्त,इन दुकानों में निम्न है -** • बड़े पैमाने पर सभी सुविधाएं • संपूर्ण उत्पाद रेंज प्रदर्शित करने वाला बड़ा डिस्प्ले क्षेत्र • बैठने की बड़ी व्यवस्था • मिट्टी, बीज, पानी और कीटनाशकों के लिए परीक्षण सुविधा या परीक्षण केंद्रों के साथ लिंकेज • कॉमन सर्विस सेंटर